# 'महिला उद्यमी सीधी बिक्री योजना से सशक्त होंगी'

नई दिल्ली, कार्यालय संवाददाता। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में एडीएसईआई और सीएआईटी द्वारा महिला उद्यमी शिखर सम्मेलन 2025 का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण पर जोर दिया गया। इस दौरान दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि डायरेक्ट सेलिंग (सीधी बिक्री) भारत में महिलाओं के लिए एक बड़ा अवसर है। इससे वे दोहरी भूमिकाओं के साथ आर्थिक रूप से सशक्त हो सकती हैं।

इस मौके पर मौजूद उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि महिलाओं के उत्थान के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। आज की नारी हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। हमारी सरकार महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण के लिए कई अहम कदम उठा रही है।